पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

——————

राजभवन में अधिकारियों ने मनाया सिक्किम दिवस

——————

लखनऊः 16 मई, 2023

राजभवन में आज अपर मुख्य सचिव श्रीमती कल्पना अवस्थी के नेतृत्व में समस्त अधिकारियों ने खुशनुमा वातावरण में देश के राज्य सिक्किम का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया। इस अवसर पर अधिकारियों ने सिक्किम राज्य की विशेषताओं के बारे में आपस में चर्चा करके जानकारियाँ साझा की। जो अधिकारी सिक्कम भ्रमण कर चुके हैं, उन्होंने भगवान बुद्ध का रमणीय स्थल रहे प्राकृतिक सौन्दर्य के धनी इस राज्य के बेहतरीन नागरिक आचरणों के बारे में भी अपने अनुभव सुनाये।

अपर मुख्य सचिव श्रीमती कल्पना अवस्थी ने इसकी भौगोलिक जानकारियों के साथ खान—पान, परिधान की चर्चा की। उन्होंने बताया कि यहाँ स्थित कन्चनजंगा दुनिया की तीसरी सबसे ऊँची चोटी है। इस चोटी से प्रदेश के कई भाग आसानी से देखे जा सकते हैं। यह देश का एक बेहद सुंदर पर्यटन स्थल है। सिक्किम राज्य के स्थापना दिवस पर राजभवन के अधिकारियों ने वहाँ के प्रसिद्ध व्यंजनों का जायका भी लिया।

——————

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361

HAPPY
SIKKIM
DAY

HAPPY
SIKKIM
DAY